हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 37 .9 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

12 अब यूनिफॉर्म पर आंगनवाड़ी महिलाएं लगाएंगी बेटी बचाओ बेटी...



12 17 को होगा एसपी ऑफिस का घेराव



**खबर संक्षेप**

### राधा कृष्ण मंदिर से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव अजीजपुर कलां निवासी धर्मवीर ने बताया कि वह गांव में बने राधा कृष्ण मंदिर का प्रधान है। देर शाम वह मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद घर चले गए थे। सुबह जब मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए आए तो मंदिर में मूर्ति के साथ रखे पीतल के कंडल, पीतल का पतीला, दो तांबे के नाग, पीतल की बाल्टी व चांदी के आभूषण गायब थे। जांच करने पर पता चला कि यह चोरी गांव के ही दीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है। आरोपी दीप नशा करने का आदि है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपत में शिक्षक के घर में चोरी

**पानीपत।** पानीपत की परशुराम कॉलोनी निवासी शिक्षक चंद्र मोहन के घर से चोरों ने सोने के बने जेवर व नगदी चोरी कर ली। वहीं, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में चंद्र मोहन ने बताया कि वे अपने मित्र के घर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। वहीं चोरों ने उनके घर के ताले तोड कर दो तोला वजनी सोने की चेन, एक तोला वजनी तीन अंगूठियां व 20 हजार कैश चोरी कर ले गए।

### छत से गिर कर युवक की मौत

**समालखा।** समालखा के गांव मनाना में उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी अनिल घर की छत से गिरकर मौत हो गई। अनिल रविवार की रात को अपने दोस्तों के साथ छत पर सो रहा था। देर रात वह अचानक छत से नीचे गिर गया। अनिल के नीचे गिरने की आवाज सुनकर अन्य लोग भी जाग गए और वे अनिल को सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया

### नकली तेल बेचने वाले को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिसने देशराज कॉलोनी में ब्रांडेड कंपनी का नकली इंजन ऑयल तैयार कर बेचने मामले में गिरफ्तार आरोपी उमेश गर्ग व श्रीकांत गर्ग निवासी शास्त्री कॉलोनी की निशानदेही पर गिरोह में शामिल तीसरे आरोपी सुनील को गिरफ्तार किया है।

# मेढ़ काटने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की लाठियों से पीटकर की हत्या

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने हाइवे पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव छप्पर में मेढ़ काटने को लेकर हुए देर शाम हुए झगड़े में एक व्यक्ति की डंडों व लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव छप्पर निवासी राजेंद्र कुमार, सोहन लाल, मनीष कुमार, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन पर लगा है। सोमवार को आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम खोला। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

■ पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी



यमुनानगर के छप्पर में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगाते परिजन।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव छप्पर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत मंसूरपुर रोड पर है। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसका पिता 44 वर्षीय विरेंद्र कुमार खेतों में गया था। इस दौरान उनके पड़ोसी राजेंद्र व सोहन उनके खेत की मेढ़ काट रहे थे। जब उसके पिता ने उनको ऐसा करने से रोका तो आरोपियों ने उसके पिता को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने फोन करके अपने परिवार के सदस्यों मनीष, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन को बुला लिया। आरोपियों ने मौके पर पहुंचकर उसके पिता पर लाठियां व डंडें बरसाने शुरू कर दिए। मारपीट की सूचना मिलते ही वह उसका भाई रजत व ताऊ के लड़के अनिल के साथ मौके पर पहुंचा। उन्होंने अपने पिता को आरोपियों से छुड़वाया। मारपीट में उसका पिता बेहोश हो गया। जब वह उसे जगाधरी सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एसडीएम के आश्वासन पर जाम खोला

सोमवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने हाइवे पर छप्पर के पास दोपहर डेढ़ बजे जाम लगा दिया। आरोपियों ने शव को गाड़ी में रखकर हाइवे के बीच में खड़ा कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हाइवे पर करीब आधा घंटा जाम रहा। सूचना मिलते ही एसडीएम सोनू राम व थाना छप्पर प्रभारी रामपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने जाम खोला।

### ये कहते हैं थाना प्रभारी

मामले की जांच कर रहे थाना छप्पर प्रभारी रामपाल का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिना अनुमति घेराव में शामिल होने वालों के पासपोर्ट रद होंगे

## अंबाला एसपी ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस की ओर से किसान संगठनों की ओर से एसपी ऑफिस के घेराव को लेकर धारा 163 लगाई गई है। पुलिस ने घेराव में शामिल होने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित करने के साथ उनके पासपोर्ट भी रद करने की चेतावनी दी है। बता दें कि किसानों की ओर से 17 को एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया हुआ है। प्रशासन द्वारा सतर्क किया गया कि बिना सरकार/ प्रशासन की अनुमति के इस घेराव में कोई हस्सिा न लें। धारा 163 लागू की गई है। इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने की मनाही है। आदेशों की अवहेलना करने के जुर्म के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रशासन द्वारा वीडियो ग्राफी करवाई जाएगी। घेराव में शामिल होने वालों की पहचान करके प्रशासन द्वारा उनके पासपोर्ट को रद करवाया जाएगा । किसान आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मामलों में कुछ उपद्रवियों की गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं। उनके फोटोग्राफ तैयार किए गए हैं। घेराव में शामिल होने वालों के फोटोग्राफ व वीडियो से पहचान करके उनको गिरफ्तार किया जाएगा। इस घेराव के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा सरकारी संपति व आमजन को नुकसान पहुंचाए जाने का भी अंदेशा है।

■ किसान संगठनों के प्रस्तावित ऐलान के बाद प्रशासन की ओर से धारा 163 लगाई गई

### संपति कुर्की और बैंक खाते सीज किए जाएंगे

पुलिस ने कहा कि अगर सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा लोक व्यवस्था में वघ्नि के दौरान संपति क्षति वसूली अधिनियम 2021 के अनुसार सरकारी संपति को नुकसान पहुचानें की स्थिति में नुकसान पहुंचाने वालों की संपति कुर्की और बैंक खातों को सीज किए जाएंगे।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मुख्य आरोपी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मुख्य आरोपी राहुल पुत्र अमर सिंह वासी पटियाला बैंक कालोनी थानेसर सहित दिनेश कुमार पुत्र जय भगवान वासी बादली हाल वासी शाहबाद दिल्ली, रविन्द्र पुत्र राजेश कुमार वासी खोरडा जिला झज्जर व अमित कुमार पुत्र सतबीर सैनी वासी पटियाला बैंक कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 14 जुलाई की रात को सीआईए-2 की टीम ने गुप्त सूचना पर सीआईए टीम ने कुरुक्षेत्र इंद्री रोड पर गांव झीवंरेहड़ी बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद आरोपी बाइक पर दो युवक आए जिनको पुलिस टीम ने रुकने का ईशारा किया तो आरोपी राहुल ने पुलिस टीम पर दो रौंद फायर कर दिए। जवाबी कारवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायर किया जो आरोपी की टांग में गोली लगी। आरोपी का एलएनजेपी हस्पताल में इलाज करवाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राहुल से एक देसी पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा रौंद बरामद किए।पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों को भागने में सहयोग करने तथा शरण देने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अमित कुमार ने वारदात के बाद राहुल को भागने में मदद की थी । आरोपी रविन्द्र पुत्र राजेश कुमार वासी खोरडा जिला झज्जर ने आरोपी को छिपने के लिए झज्जर में शरण दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

■ आरोपी ने पुलिस टीम पर किया फायर, जवाबी कारवाई में आरोपी की टांग में लगी गोली



कुरुक्षेत्र। पुलिस द्वारा पकडेÞ गए आरोपी।

# एचएसआईआईडीसी में खुले में किया जा रहा राख भंडारन

## हवा के साथ उडती है राख, फैल रहा है प्रदूषण, आसपास के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदूषण की रोकथाम के लिए जहां केंद्र और प्रदेश सरकारें भरसक प्रयास कर रही हैं। वहीं, रिफाइनरी रोड एचएसआईआईडीसी स्थित कई फैक्ट्रिया सरकार के प्रदूषण रोकथाम के मिशन को ठेंगा दिखाते हुए प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। एचएसआईआईडीसी स्थित यूफलेक्स लिमिटेड कंपनी से निकलने वाली राख से जहां क्षेत्र वासियों का जीना दुशवार हो गया है। कंपनी से राखी ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से सड़कों किनारे, नदी किनारे और घरों के आसपास डाली जा रही है। तेज हवा चलने पर राख घरों में घुस जाती है और ग्रामीणों को सुबह शाम का खाना बनाना मुश्किल हो गया है। कंपनी से निकलने वाली राख ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बनती जा रही हैं। अगर जल्दी ही प्रशासनिक और कंपनी अधिकारियों द्वारा राख को डालने के लिए कोई निर्धारित डंपिंग यार्ड नहीं बनाया गया तो वह दिन दूर नहीं की क्षेत्र में नजला, श्वास, दमा, कैंसर और एलर्जी आदि के रोगियों की भरमार हो जाएगी। इधर, क्षेत्र वासी ओमप्रकाश, सरदार गुरलाल सिंह, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, नरेश कुमार, सुभाष चंद, सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह आदि ने बताया कि एचएसआईआईडीसी स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली यूफलेक्स लिमिटेड कंपनी से राख निकलती है। राख को ट्रैक्टर ट्रालियों के द्वारा बाहर डाला जा रहा है। जबकि कंपनी द्वारा राख डालने के लिए कोई निर्धारित डंपिंग यार्ड नहीं बनाया गया। कंपनी से निकलने वाली राख को नहर के अंदर, नहर किनारे, सड़कों किनारे और घरों के नजदीक डाला जा रहा है। जिस कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। और तेज हवा चलने पर राख उड़कर घरों और आसपास के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की आंखों में घूस जाती है। सड़क किनारे पड़ी राख से बड़ा हादसा होने का खतरा भी बना रहता है। इधर, इस क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि पहले ही यहां रिफाइनरी क्षेत्र में रिफाइनरी का बहुत अधिक प्रदूषण है। इसके साथ ही एचएसआईआईडीसी स्थित कई कंपनियां और प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं।

■ सड़क किनारे पड़ी राख से बड़ा हादसा होने का खतरा भी बना रहता



पानीपत। ट्रैक्टर-ट्राली से खुले में राख का उतारने का दृश्य।

### राख से नुकसान नहीं: सिंह

मनदीप सिंह, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी यूफलेक्स कंपनी ने बताया कि हमने कंपनी से राख उठाने का टेंडर ठेकेदार को दिया हुआ है। वह उस राख को कहां डालेगा यह उसकी जिम्मेदारी है। इस राख से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा।

# कुरुक्षेत्र पुलिस ने 223 किलोग्राम डोडापोस्त सहित आरोपी को दबोचा

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जिला पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा जारी है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 टीम ने नशा तश्करो पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 223 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सतवीर सिंह पुत्र हरजिन्द्र सिंह व हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासीयान दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र डोडापोस्त/चूरापोस्त बेचने का काम करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम डेरा में बने मकान पर पहुंची। पुलिस टीम ने डेरा में बैठे व्यक्ति से उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नामपता हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र बताया। आरोपी व उसकी कार की तलाशी लेने पर 223 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

# चिकित्सकों ने दो घंटे तक की पेन डाउन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर एलएनजेपी अस्पताल में सरकारी चिकित्सकों ने हड़ताल पर रहते हुए ओपीडी नहीं देखी। इसके चलते सिविल अस्पताल, मातृ-शिशु अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं पूर्ण रूप से प्रभावित रहीं। हालांकि हड़ताल के बावजूद इमरजेंसी केस अटेंड किए गए। वहीं, चिकित्सकों की हड़ताल के चलते जिले में करीब 1500 से अधिक मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान चिकित्सकों ने जहां मांगे पूरी नहीं होने पर 25 जुलाई से एमरजेंसी सेवाएं भी बंद करने की दी चेतावनी वहीं आर-पार की लड़ाई का ऐलान भी किया। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते 100 फीसदी ओपीडी प्रभावित रही। मरीजों ने बताया कि डाक्टरों की हड़ताल का खामियाजा उनको भुगतना पड़ रहा है। वे दूर-दूर से इलाज के लिए पहुंचे लेकिन कोई डाक्टर व सुविधा नहीं होने से वापस लौटना पड़ रहा है। जिला प्रधान डा. प्रदीप नागर ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में चिकित्सकों की स्थाई भर्ती, पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख की जाए। उसके लिए कुछ गिरवी ना रखवाया जाए। जिससे मध्यम वर्ग से आने वाले डॉक्टर पीजी करके जनता की सेवा कर पाएं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए। अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी को 26 जुलाई को इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी जाएंगी।

■ सरकारी चिकित्सकों ने हड़ताल पर रहते हुए ओपीडी नहीं देखी



कुरुक्षेत्र। धरने पर बैठे चिकित्सक।

# डीजे के दौरान हुई हवाई फायरिंग में युवक जख्मी

**अंबाला।** डीजे नाइट के दौरान हुई हवाई फायरिंग में एक युवक जख्मी हो गया। घटना गांव खारुखेड़ा की बताई जा रही है। छर्रे लगने के कारण नगला जट्टान का मंजीत जख्मी हो गया। युवक को खून से लथपथ हालत में अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। अभी वहां उसका इलाज चल रहा है।घायल मंजीत के साथियों ने बताया कि मंजीत डीजे का काम करता है। वह किसी की डीजे नाइट पार्टी में डीजे वालों के संग गया था। गीतों पर सभी झूम रहे थे कि तभी धमाके की आवाज आई और कुछ छर्रे अचानक बाजू में आकर लगे। देखते ही देखते डीजे नाइट में हलचल मच गई। साहा थाना प्रभारी जितेंद्र ने बताया कि अस्पताल से रूक्का मिला था। घायल के बयान दर्ज करने के लिए पुलिस जवान चंडीगढ़ भी गए थे लेकिन युवक अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

**उमड़ा सैलाब** | भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए उमड़े श्रद्धालु

# भगवान जगन्नाथ के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गूंजी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से शहर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने शामिल होकर श्रीठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान श्रीजगन्नाथ, बलराम जी और सुभद्रा को रथ में सुशोभित किया गया। श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर अध्यात्मिक शांति महसूस की और जय श्रीजगन्नाथ के जयकारों के साथ लोगों ने नाचकर प्रभु आनंद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान जगन्नाथ के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गूंजता रहा। रथ यात्रा के पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं में भगवान की एक झलक पाने और उनके रथ की रस्सी खींचने को लेकर होड़ मची रही। इससे पहले दोपहर को ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में महाआरती की गई। शाम को गौड़िया मठ से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शुरू हुई। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने नारियल फोड़कर और रस्सी से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की। रथ यात्रा की अगुवाई महावीर कर रहे थे। शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। कई भक्तजन सड़कों पर झाड़ू लगाते हुए आस्था की भवसागर में डूबकी लगाते रहे। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ का गुणगान होने से समूचा वातावरण धर्ममय बना रहा। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में श्रद्धालु ढोल एवं इस्कॉन के भक्तों द्वारा मृदंग एवं करताल के साथ भगवान के रथ के आगे कीर्तन करते हुए चले रहे थे। दिल्ली से इस्कॉन कुछ वैष्णव सन्यासी भक्त भी भजन गाते हुए यात्रा के साथ चल रहे थे। शहर में आठ जगहों पर क्रेन से जगन्नाथ को भोग लगाया गया। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल ने बताया कि शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान का रथ पर दर्शन करने मात्र से कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और यही कृपा देने के लिए भगवान रथ पर बैठकर सड़कों पर दर्शन देते हैं।

■ सुभाष सुधा ने रस्सी से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की



यमुनानगर के छप्पर में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगाते परिजन।

### दुल्हन की तरह सजा शहर

यात्रा में भगवान जगन्नाथ ने अपने भाई बलदेव और बहन सुभद्रा महारानी के साथ कैथल शहरवासियों को रथ पर विराजमान हो कर दर्शन दिए। उनके स्वागत के लिए पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शहर में जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए थे और रंग बिरंगी लाइटों से सडकों को सजाया गया था। गौड़िया मठ से शुरू होकर रथ यात्रा बिरला मंदिर, मीरी पीरी चौक, रेलवे रोड, पिपली रोड होते हुए सेक्टर 13 के कांग्रेस भवन पर जाकर समाप्त हुई।

# हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हजारों रुपये की हेरोइन लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 6.14 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशातस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी के तहत रामपुरा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चिट्टा मंदिर क्षेत्र में कोई अवैध नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक सतपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नायब तहसीलदार अनिल कुमार को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 6.14 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान मसाना रांगडान निवासी अमनदीप के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपी से पता लगाया जाएगा कि वह हेरोइन कहां से खरीद कर लाता है और किसे सप्लाई करता है।

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर लिया एक दिन का रिमांड



यमुनानगर में पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी नशातस्कर। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पीएलवी के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन मे जिला ए डी आर सैंटर में जुलाई माह मे नियुक्त हुए पी एल वी के लिए सोमवार को ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. सविता कुमारी ने उपस्थित पी एल वी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यशैली से अवगत करवाया और यह भी बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय भारत मे विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपना लम्बित मुकदमा रखकर समाधान करवा सकता है।

### गोशाला में गोमाताओं की सेवा कर पुण्य कमाया

**घरौंडा।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन संघ की महिला विंग ने आज गौशाला घरौंडा के अंदर गौ माता की चारा खिलाकर सेवा की एवं लगभग 40 पौधे मौसमी, आवला, नीम, जामुन व बेलपत्र और अन्य अनेक तरह के पौधों का रोपण किया गया। संघ की अध्यक्ष कौशल सिंगला ने बताया की ये संस्था विभिन्न प्रकार के समाज हित कार्य करती रहती है आज का वातावरण प्रदूषण मयी जो गया है इसलिए आज वृक्षों का महत्व हमारे जीवन मे बहुत जरूरी है उसी के साथ पूर्व सचिव मीरा बंसल ने बताया की आज गौ माता को चारा खिलाया गया और पौधा रोपण किया गया।

### प्रदेश सरकार से पेंशन लागू करने की मांग

**घरौंडा।** घरौंडा नगर पालिका के पूर्व चेयरमनों ने एकत्रित होकर पेंशन लागू करने की प्रदेश सरकार से मांग की है। शनिवार को मंडी में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में पूर्व चेयरमैनो ने एक बैठक की। बैठक में सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पूर्व में जिस समय प्रदेश के नगर परिषद व नगर पालिका के अध्यक्ष की शक्तियां बढ़ाई थी,उस समय प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष की भी पेंशन भी लागू करने की घोषणा की थी। लेकिन वर्तमान अध्यक्ष की शक्तियां तो बढ़ा दी गई लेकिन पूर्व चेयरमैनो की पेंशन आज तक नहीं बनाई गई है। पूर्व चेयरमनों ने भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरकार की नीतियों को आगे बढ़ते हुए विकास कार्यों में सहयोग किया है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह पूर्व चेयरमनों की भी पेंशन देने का प्रस्ताव पास कर उनका मान सम्मान बढ़ाएं।

### वैश्य भवन देशभर में सबसे उत्कृष्ट : शम्मी

**करनाल।** आज महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर आठ करनाल में वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया,जिसमें ट्रस्ट के लगभग 100 सदस्यौं ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन और महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत सभा की कार्यवाही आरम्भ की गई। ट्रस्ट के प्रधान व लिबर्टी के एम डी शम्मी बंसल ने भव्य भवन के निर्माण की गतिविधी पर प्रकाश डाला व सदस्यों को विस्तारपूर्वक वर्णन कर सूचित किया कि यह सुसज्जित समस्त सुविधापूर्ण उच्चकोटि का वातानुकूलित भवन शीघ्र ही आमजन के उपयोग हेतु उचित राशि पर उपलब्ध कराया जायेगा।

### बरसात के बावजूद कम नहीं हुआ योग का जुनून

**करनाल।** योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत लगने वाली कक्षाओं में बरसात के बावजूद भी योग जारी रहा। सभी योग साधक मिशन के एक ही लक्ष्य मैं स्वस्थ, मेरा प्रदेश स्वस्थ ,और मेरा देश स्वस्थ के साथ कक्षा में डटे रहे।योग साधकों ने पार्क में खुले आसमान के नीचे रिमझिम फुहार का आनंद लेते हुए योग और आसन की क्रियाएं की। यदि हम प्रकृति के सानिध्य में योग करें तभी हम योग के सही लक्ष्य और महत्व को समझ पाएंगे। योग का लक्ष्य केवल शरीर को स्वस्थ रखना नहीं है बल्कि योग शरीर और मन के बीच स्थिरता बनाए रखने की प्रक्रिया है । यदि हमारा मन दृढ़ निश्चय ही है, तो कुछ भी कार्य असंभव नहीं है।

---

शहर की सड़कों और गलियों में पानी भरने से लोग परेशान

# मानसून की बारिश ने खोली सरकार के दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ 2 से 3 फीट तक जलभराव के कारण सीएम सिटी में नहर सा दिखा नजारा





करनाल। बरसात के पानी से लबालब शहर की सड़कें और गिलयों में भरा पानी।

मानसून के इस मौसम में लगभग पूरे हरियाणा में बारिश हो रही है। इसी बीच करनाल में सुबह से ही करीब 5 एमएम बारिश ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण सीएम सिटी करनाल लगभग आधा जलमग्न हो गया। 2 से 3 फीट तक जलभराव के कारण सडक़ें और गलियां नहरों से कम नहीं लग रही हैं। अगर ग्रामीण इलाकों की बा करें तो वहां भी यही हाल देखने को मिला। नरूखेड़ी गांव न 50 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया। जिसके कारण लोगों ने गांव के सरपंच के प्रति रोष जताया और उन पर लापरवाही का आरोप लगाया।धीमी गति से चल रहा सीवरेज सिस्टम का काम बारिश के बाद करनाल में सीवरेज सिस्टम धीमी गति से चल रहा है। ऐसा पहली बार नहीं है कि करनाल में सडक़ों पर इतना जलभराव हुआ हो। इससे पहले भी जब भी बारिश होती है, सडक़ों और गलियों में पानी भर जाता है। इस मानसून में आज करनाल में करीब 9 एमएम बारिश हुई है।

भारी बारिश के कारण मुख्य बाजार, घंटाघर चौक और रेलवे रोड की सडक़ों पर दो से तीन फीट पानी भर गया है। यहां हुआ जलभराव लघु सचिवालय में जलभराव हो गया है। ओल्ड बस स्टैंड के बाहर करीब दो फुट तक पानी जमा है। इसके अलावा सेक्टर-6, 7,14 व13 में भी सडक़ें तालाब बनीं। पानी निकासी के सिस्टम फेल रहे। डेढ़ से दो-दो फीट पानी सडक़ों पर खड़ा हो गया। गलियों की बात करें तो उनकी भी ठीक से सफाई नहीं हुई थी।

#### यहां ज्यादा जलभराव

शहर के कई क्षेत्रों में ज्यादा जलभराव हुआ। शहर में राजीव पुरम, जनक पुरी, न्यू जनक पुरी, न्यू रमेश नगर, बहादुर चंद कॉलोनी, विकास कॉलोनी, सेक्टर-8, मॉडल टाउन, रेलवे रोड, देवी मंदिर रोड, बस स्टैंड रोड, महिला आश्रम रोड, शिव कॉलोनी, शास्त्री नगर, सब्जी मंडी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आई।

# बिजली निगम के जेई के प्रति कर्मियों ने जताया रोष



तरावड़ी। कर्मचारी बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी व रोष प्रदर्शन करते हुये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा जेई को सस्पेंड करने पर बिजली कार्यालय के समक्ष सोमवार गेट मीटिंग करके रोष प्रदर्शन किया। उन्होंने कर्मचारी जे.ई विक्रम राणा को बहाल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि जेई के सस्पेंड करने को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। जिसकी अध्यक्षता करनाल यूनिट के वरिष्ठ उप प्रधान दलबीर सिंह ने की। संचालन यूनिट सचिव रवि ने किया। निगम प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से तरावड़ी यूनिट के प्रधान सतपाल ने कहा कि अगर जे.ई विक्रम राणा को बहाल नही किया गया तो कर्मचारी आर पार की लड़ाई लड़ेंगे और जो कोई नुक्सान होगा वह उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। प्रदेश कार्यकारिणी से महाबीर ने निगम प्रशासन के कुठाराघात की कड़ी निंदा की। तरावड़ी यूनिट प्रधान सतपाल व सचिव रविकान्त ने इस मामले की कड़े शब्दों में निंदा की। सभी ने उपमंडल अधिकारी तरावड़ी को ज्ञापन दिया। सभी कर्मचारी मिलकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी ओर रोष प्रदर्शन करेंगे, जिसमें होने वाले प्रत्येक प्रकार के नुकसान की जिम्मेदारी तरावड़ी विभाग की होगी। गेट मीटिंग में नरेश, रमेश, महिंदर, रामजवारी, दलबीर, अश्वनी अमीन, अशुतोष राणा, विजय, चन्द्रपाल, सुभाष, पुरषोत्तम शर्मा, कृष्ण शर्मा, कुनाल समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# मलेरिया-डेंगू से बचाव के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। स्वास्थ्य कर्मचारी घरों में जांच करते हुए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा संजय स्वास्थ्य निरीक्षक की देख रेख में विभिन्न स्थानों पर मलेरिया व डेंगू को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई। तरावड़ी शहर व गाँव के अंदर जगह जगह एंटी लार्वा एक्टिविटीज की गई तथा आशा वर्कर व स्वास्थ्य वर्कर द्वारा लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया गया कि मलेरिया और डेंगू से बचने के क्या क्या उपाए कर सकते हैं। घर घर जाकर कूलर व फ्रीज को चेक किया गया तथा ज्यादा दिन का कूलर में पड़े पानी को निकलवाया गया। इस अवसर पर संजय स्वास्थ्य निरीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने मलेरिया के बचाव व उपाय के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया की छत पर बेकार पड़े खाली बर्तनों, टायरों, ट्यूब, अन्य पानी के स्त्रोत इत्यादि में से पानी निकलवा दे व उल्टा करके रखें। ताकि उनमें पानी जमा ना होने पाए व खाली पड़े टायरों में सुराख कर दें। इस अवसर पर संजय स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि घरों के आसपास पानी खड़ा ना होने दे यदि किसी कारणवश पानी की निकासी ना हो तो उसमें थोड़ा मिट्टी का तेल, काला तेल, डीजल इत्यादि डाल दें ताकि मच्छर का लारवा पनपने ना पाए। बुखार होने पर केवल पैरासिटामोल गोली का प्रयोग करें तथा तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच करवाएं तथा मलेरिया होने पर 14 दिनों की दवाई खाएं।

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने की अभियान की शुरुआत

**करनाल।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' के नाम से प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत आज करनाल विधानसभा की पुरानी सब्जी मंडी में नगर फेरी के साथ की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने दीपेन्द्र हुड्डा को पार्टी का झंडा भेंट करके इस अभियान का श्रीगणेश कराया।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने पदयात्रा शुरू करने से पहले बड़ी जनसभा को संबोधित किया। हजारों साथियों के साथ करनाल शहर की सडक़ों पर उतरे। इस दौरान सडक़ों पर भारी भीड़ उमड़ी। भाजपा सरकार से हरियाणा मांगे हिसाब... अब सिर्फ कांग्रेस से ही आस.. का नारा पूरे करनाल में गूंज उठा। हुजूम पदयात्रा करते हुए पुरानी सब्जी मंडी, कर्ण गेट मार्केट, बाल्मिकी चौक, बस स्टैंड, इलाकों से होकर गुजरा।

# अभियान में तेजी के लिए टीम करेंगे गठित

■ हरियाणा मांगे हिसाब अभियान पदयात्रा में शामिल हुए राजेश वैद्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। अपने साथियों व कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में जाते लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजेश वैद्य।

हरियाणा में 15 जुलाई से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान की शुरुआत सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज करनाल शहर में पद यात्रा शुरू कर दिया है इसी कड़ी में नीलोखेड़ी से भी आज हरियाणा मांगे हिसाब पद यात्रा में शामिल होने के लिए पूरे दल बल के साथ करनाल पहुंचे हैं। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा द्वारा कांग्रेस घोषणा पत्र के लिए तैयार किए गए। सुझाव रथ का भी विधिवत आरम्भ किया गया व सब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस अभियान के तहत हर बूथ पर दस्तक देने का आह्वान किया है। उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजेश वैध ने इस अभियान में शामिल होने जाते समय पत्रकारों से वार्ता करते हुए व्यक्त किए। वैध ने कहा कि 15 जुलाई से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान शुरू किया गया है जिसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचाना है। राजेश वैध ने कहा कि इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब हरियाणा मांगे हिसाब कांग्रेस अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस अपने वादे निभाने के लिए जानी जाती है जबकि बीजेपी वादे तोडऩे के लिए। राजस्थान में 500 सिलेंडर की घोषणा से बीजेपी मुकर गई है।

# विधायक ने खाटू श्याम के लिए रोडवेज बस को किया रवाना



**इंद्री।** बाबा खाटू श्याम के दर्शन करने को लेकर एक सीधी बस सेवा का शुभारंभ सोमवार सुबह विधायक रामकुमार कश्यप ने किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस बस को रवाना किया। इस मौके पर ढ़ोल बजाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि कुछ ही दिन पहले इंद्री शहर वासियों ने उनको बाबा खाटू श्याम जी के दर्शन करने को लेकर इंद्री से सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग की थी ओर उस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए इंद्री से यह बस सेवा शुरू करवा दी गई है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन मंत्री व करनाल रोड़वेज जीएम का हम सब आभार जताते है। उन्होंने बताया कि इंद्री से खाटू श्याम जाने वाली बस सोमवार, वीरवार व शनिवार को सुबह 7 बजे इंद्री से करनाल, जींद इत्यादि शहरों से होते हुए लगभग 469 किलोमीटर का सफर तय कर शाम को 7-8 बजे श्री खाटू श्याम जी पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 8 बजे श्री खाटू श्याम जी से इंद्री के लिए रवाना होगी। इस बस का किराया 505 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से लिया जाएगा।

### एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के दौरान बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**तरावड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा एंटीनेटल केयर, स्तनपान करने वाली और प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को लक्षित करते हुए 100 दिवसीय एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के 34वे दिन इस अभियान में स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 महीने से 59 महीने तथा 5 से 9 वर्ष और 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी के अंतर्गत 6 आउटरीच टीम भी गठित की गई जो फील्ड में अपनी गतिविधियां कर रही हैं। टीम में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निरोगी,टीबी मुक्त भारत और एनसीडी कार्यक्रम भी साथ-साथ चलाया जा रहा है। एनीमिया के उच्च प्रसार को देखते हुए मुख्यमंत्री ने रणनीति को लागू करके अटल संपूर्ण एनीमिया सीमा सुनिश्चित अभियान की घोषणा की है।

# ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




प्रदेशभर के हजारों ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटरों ने सोमवार को सीएम सिटी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्ण पार्क में सभा करने के बाद ट्यूबवैल ऑपरेटर सीएम आवास का घेराव करने के लिए कूच कर गए। पुलिस ने सीएम आवास से कुछ दूर पहले बेरीकेट लगाकर ट्यूबवैल ऑपरेटरों को आगे बढऩे से रोक लिया। वह नारेबाजी करते रहे। बाद में सीएम के ओएसडी संजय बठला ने मांगों का ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि 18 जुलाई को करनाल में ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से बातचीत करवाई जाएगी।

राष्ट्रीय कामगार संघ के प्रदेश महामंत्री जंग बहादुर यादव और पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा कि ट्यूबवैल ऑपरेटर कई सालों से लगातार अपनी सेवाएं सुरक्षित करने, तथा ईएसआई का सदस्य बनाने तथा पंचायती राज की गुलामी से मुक्ति दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। अगर सरकार ने जल्द ही जलकर्मियों की मांगों को लागू नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मुख्य मांगों में पब्लिक हेल्थ में कार्यरत सभी ट्यूबवैल ऑपरेटरों का रोजगार सुरक्षित किया जाए, ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटरों को पंचायती राज से मुक्त किया जाए, वर्ष 2020 से रोका गया डीए जारी किया जाए, सभी जलकर्मियों पर सर्विस रूल लागू किए जाएं, वेतन में बढ़ोतरी की जाए और कौशल रोजगार विभाग के बराबर वेतन दिया जाए शामिल हैं। इस अवसर पर रामतीर्थ यादव, शिव दयाल, सुरेंद्र ठाकुर, बहादुर यादव, सुंदर सिंह, तारीफ हुसैन, सतविंद्र सिंह, यशपाल, महेंद्र सिंह, रामबीर, हनुमान गोदारा, वेदप्रकाश सैनी, मदन लाल, बलराज कश्यप, श्याम लाल, प्रताप सिंह, राजेश अमीर हसन व हाकिम अली ने ट्यूबवैल ऑपरेटरों को संबोधित किया।

### ग्लोबल अचीवर्स अवॉर्ड समारोह का आयोजन

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा फाउंडर एंव नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन रुतबा रिसोर्ट में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेता चंकी पाण्डे एंव पूर्व मिस इंडिया सिमरन डीनज आहूजा ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में वीवीआईपी गेस्ट छत्तीसगढ़ से इंटरनेशनल डायरेक्टर रामनारायण साहू, आसाम से नैशनल डायरेक्टर डॉ बरनाली शर्मा, नैशनल चीफ चेयरपर्सन पायल मित्तल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ निशा गुप्ता, इंटरनेशनल सुप्रीमो जरनैल सिंह एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनितिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा रहे। इस अवसर पर फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान में प्रमुख योगदान देने वाले देश के विभिन्न राज्यों के टॉप लीडर्स को ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## साँझा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित

# दिल अपना भी पराया होता, गर उसने ...

■ कवियों ने अपनी रचनाओं से गोष्ठी में बांध समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



साँझा साहित्य मंच,करनाल की मासिक काव्य गोष्ठी स्थानीय मानव सेवा संघ के हॉल में आयोजित की गई। इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता मुंबई से पधारे और बाबू बालमुकुंद गुप्त पुरस्कार से सम्मानित चौबीस पुस्तकों के रचयिता और फिल्मी इंडस्ट्री में निर्माता-निर्देशक के तौर पर 'राशिफल' फिल्म बना चुके जनाब गुलशन मदान रहे और विशिष्ट अतिथि ग़ज़लकार सूबे सिंह सुजान रहे। मंच संचालन कर रही कवियत्री सुषमा चोपड़ा ने कुछ यों कहा कि एक दिन रास्ते में एक भिखारी मिला भूखा-नंगा, मैंने कहा क्यों नहीं करते कोई काम धंधा। युवा राष्ट्रवादी कवि प्रवीण जन्नत ने अपनी रचना के माध्यम से कुछ यों अपनी बात रखी कि नई-नई तरकीबें नए-नए मंसूबे लिए फिरता है सताने के वास्ते, दर-दर मजमा लगाए बैठा इंसान ही इंसान को हराने के वास्ते। रामेश्वर देव ने अपने मुक्तक के माध्यम से अपनी बात रखी कि जीता है जो भी दुनिया में सब की खुशी में साथ अच्छा सुलूक होगा फिर उस आदमी के साथ हिंदी और हरियाणवी भाषा में पाँच काव्य संग्रहों के रचयिता कृष्ण कुमार निर्माण ने कुछ इस तरह से बात रखी कि दिल अपना भी पराया होता, गर उसने गले लगाया होता, बेखबर ना होता हकीकत से, काश हमको समझाया होता। अध्यक्षता कर रहे जनाब गुलशन मदान ने अपनी ग़ज़लें सुनाकर सबको भाव-विभोर कर दिया।उनकी बानगी देखिए कि- भूल जाऊंगा,मगर इक शर्त है। आप भी न याद आएं उम्र भर और देखिए कि जिंदगी में गम अगर आया नहीं, समझो जीने का हुनर आया नहीं। ममता प्रवीण जो कि पेशे से शिक्षिका है और मुक्तक लिखती हैं,उन्होंने कहा कि राह की हर बाधा पर बाँध बाँधते चलो, अपना समय भी आएगा, धीर धारते चलो। गीता उपदेश की स्थली कुरुक्षेत्र से पधारे,जिनका एक ग़ज़ल संग्रह 'सीने में आग' है,सूबे सिंह सुजान ने कहा कि जैसे पत्थर पहाड़ टूटे हैं,मेरे दिल के किवाड़ टुटे हैं।

### चिकित्सक हड़ताल पर रहे, मरीज हुए परेशान

**घरौंडा।** अपनी मांगों को लेकर सरकारी अस्पताल में चिकित्सक आज हड़ताल पर रहे। चिकित्स्कों द्वारा 2 घंटे की गई सांकेतिक हड़ताल में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ा। सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सरकारी अस्पताल में डॉक्टर सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक हड़ताल पर चले गए। सुबह 9:00 बजे जैसे ही अस्पताल खुला मरीजों की लंबी लाइन लगने शुरू हो गई। मरीज को जैसे-जैसे पता चला गया कि आज हड़ताल है। मरीज परेशान हो उठे। बता दें कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों ने पीजी कोर्स के बांड में कमी,केंद्रीय डॉक्टर के समान वेतन व एस एम ओ की सीधी भर्ती को लेकर आज 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया था। चिकित्सको ने ऐलान किया कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो आने वाली 25 जुलाई के बाद वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# सहयोग व समन्वय का कार्य है शिक्षा : गुरनाम



इंद्री। बीईओ कार्यालय इंद्री में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम मंढ़ाण को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हसला पदाधिकारी।

**इंद्री।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) की तरफ से बीईओ डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण का फूल मालाओं और पुष्पगुच्छ के साथ अभिनंदन किया गया। हसला के खंड प्रधान इंद्रवेश कलसौरा की अगुवाई में पूर्व प्रधान अरुण कुमार, प्राध्यापक रामिन्द्र कुमार, अशोक कुमार, बृजलाल, राजेश नागपाल, विनोद चुघ, विजय पाल, रणबीर सिंह ने बीईओ के रूप में पदभार ग्रहण करने पर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी, रविन्द्र शिल्पी व सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र बंटी मौजूद रहे। बीईओ गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने कहा कि शिक्षा सहयोग और समन्वय का कार्य है। सभी अध्यापकों और विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रहे लोगों को मिलकर काम करते हुए इंद्री खंड को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समस्यों का समाधान भी मिलजुल कर होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले वंचित वर्गों के बच्चे प्रतिभा के मामले में किसी से कम नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### हादसे में वृद्ध की मौत, केस दर्ज

**पानीपत।** डाहर बाईपास पर 68 वर्षीय बुजुर्ग महा सिंह निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत को क्रेटा कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में मिठाई की दुकान चलाने वाले महा सिंह की मौत हो गई। इधर, इसराना थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र संदीप की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महा सिंह का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### मोबाइल चोरी करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपी हरज्ञान पुत्र गुरमीत निवासी हुडा सेक्टर 11 को गिरफ्तार किया है। वहीं सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी से बरामद मोबाइल के संबंध में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में बुरसभान पुत्र सोरण निवासी गांव सिवाह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### छात्रा दीपांशी को सम्मानित किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में प्रधानाचार्य सत्यवान मलिक ने कक्षा दसवीं की छात्रा दीपांशी को सम्मानित किया। स्मरणीय है कि दीपांशी ने डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ढाई अखर, राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। दीपांशी को भारत सरकार की ओर से दस हजार की नगदी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### निबंध लेखन में निकिता रही प्रथम

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में इंग्लिश विभाग ने कक्षा नौवीं से 12वीं के लिए इंग्लिश निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिता में दयानंद सदन की निकिता प्रथम, विवेकानंद सदन की तनीषा द्वितीय व टैगोर सदन की नैना तृतीय स्थान पर रही। राधा मान प्रथम, निधि सहगल कक्षा ग्यारहवीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान छात्रा संजना रही।

### सामाजिक संगठनों ने पौधे रोपे

**पानीपत।** सामाजिक राष्ट्रीय संगठन और लक्ष्य जनहित समिति के स्वयं सेवियों ने सतीश पांचाल, दिनेश बक्शी, गुलाब पोसवाल, मनोज, साहिल, प्रिंस पांचाल, भूप सिंह राणा, रमेश कुमार, संजय राणा, संजय कुमार, ऋषभ राणा, आयुष साहू, अंजू शर्मा ने विभिन्न स्थलों पर पौधे रोपे। वहीं पौधे की जवान होने तक देखभाल करने का आश्वासन दिया।

### शिक्षक के घर में चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की परशुराम कॉलोनी निवासी शिक्षक चंद्र मोहन के घर से चोरों ने सोने के बने जेवर व नगदी चोरी कर ली। वहीं, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में चंद्र मोहन ने बताया कि वे अपने मित्र के घर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। वहीं चोरों ने उनके घर के ताले तोड़ कर दो तोला वजनी सोने की चेन, एक तोला वजनी तीन अंगूठियां व 20 हजार कैश चोरी कर ले गए।

### छत से गिर कर युवक की मौत

**समालखा।** समालखा के गांव मनाना में उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी अनिल घर की छत से गिरकर मौत हो गई। अनिल रविवार की रात को अपने दोस्तों के साथ छत पर सो रहा था। देर रात वह अचानक छत से नीचे गिर गया। अनिल के नीचे गिरने की आवाज सुनकर अन्य लोग भी जाग गए और वे अनिल को सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया

### होस्टल मैस वर्कर्स यूनियन ने सौंपा मांगपत्र

**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन डॉ. जसबीर ढांडा और महिला चीफ वार्डन डॉ. कुसुम लता को मांग पत्र सौंपा। होस्टल मैस वर्कर्स यूनियन ने प्रशासन से यह मांग की लेबर कोर्ट द्वारा आया अवार्ड लागू किया जाएं। जो 31 मार्च 2017 को आया था। जोकि 2003 कि पोलिसी के तहत पक्के किए जाएं।

---

### परिषद के निदेशक व पुलिस अधीक्षक ने सेंटर का शुभारंभ किया

# साइबर सुरक्षा अनुसंधान परिषद का पाइट में रिसोर्स सेंटर बना

### दोनों ने छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अनुसंधान परिषद ने नेशनल साइबर रिसोर्स सेंटर बनाया है। इस सेंटर का सोमवार को पानीपत के एसपी अजीत सिंह शेखावत एवं परिषद के निदेशक डॉ.ई कालीराज नायडू ने शुभारंभ किया। दोनों ने छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक भी किया।



**समालखा।** पाइट में अतिथियों का स्वागत करते हुए चेयरमैन हरिओम तायल।

#### 75 करोड़ लोग इंटरनेट का प्रयोग करते है

एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि भारत की आधी से ज्यादा आबादी इस समय इंटरनेट पर है। साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। साइबर क्राइम करना आसान होता है, क्योंकि कहीं बाहर जाकर लूट नहीं करनी होती। किसी भी जगह पर बंद कमरे में बैठकर आपका एकाउंट हैक किया जा सकता है। आपके साथ फ्राड किया जा सकता है। हरियाणा में इस साल अब तक 600 करोड़ से ज्यादा का फ्राड हो चुका है। रोजाना 300 शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इसी से समझा जा सकता है कि साइबर क्राइम से बचना कितना जरूरी है। जागरूक रहना कितना आवश्यक है। साइबर सिक्योरिटी संबंधी कोर्स की इस समय मांग है। नई टेक्नॉलोजी के सदुप्रयोग से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ.ई कालीराज नायडू ने कहा कि हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। हमारी छोटी सी लापरवाही बड़ा नुकसान करवा सकती है। हमें किसी भी हाल में फ्री वाइफाई का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जैसे ही हम छोटे लालच में फ्री वाइफाई का प्रयोग कर किसी को अपने फोन या लैपटॉप का एक्सेस दे देते हैं तो पूरा डाटा ही चोरी हो जाता है। साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।

#### साइबर अपराध की तत्काल शिकायत दें

निजी और सरकारी क्षेत्रों में युवा करिअर बना सकते हैं। परिषद भी बच्चों को प्रशिक्षित कर रही है। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने साइबर सेंटर के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डा.बीबी शर्मा मौजूद रहे। इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि अगर आपके साथ साइबर अपराध होता है तो उसी समय 1930 नंबर पर शिकायत करें। आपको इस हेल्पलाइन से पूरी मदद मिलेगी। अगर आपका पैसा किसी दूसरे खाते में गया है तो उसी समय वो खाता फ्रीज करा दिया जाएगा। अगर पैसा आगे भी ट्रांसफर हो गया हो तो आगे वाला खाता फ्रीज हो जाएगा। आपका पैसा लौटने की बहुत अधिक संभावनाएं हैं लेकिन आपको समय रहते शिकायत दर्ज करानी होगी। इसके अलावा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत मिलने पर पीड़ितों के सौ करोड़ रुपये से अधिक हरियाणा पुलिस ने बचाए हैं। 70 हजार फोन बंद कराए हैं, 90 हजार फर्जी बैंक एकाउंट बंद कराए हैं दो हजार से अधिक अपराधी पकड़े जा चुके हैं।

---

# सौरभ कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में द्वितीय


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, मेधावी छात्र सौरभ को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज के छात्र सौरभ ने केयूके की बीकॉम की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान पाकर कालेज व जिले का नाम रोशन किया। सौरभ ने 3600 में से 3007 अंक पाकर 83 प्रतिशत अंक पाकर नई बुलंदियों को छुआ। प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा व वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नवीन गोयल, प्रो. पवन सिंगला, डा. राकेश गर्ग, डा. दीपा वर्मा, डा. दीपिका अरोड़ा मदान, डा. पवन कुमार, प्रो. मनोज के साथ मिलकर सौरभ के प्रयास उसके भविष्य को उज्वल बताया। हरि नगर सेक्टर-6 पानीपत निवासी सौरभ अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है और उसकी दो छोटी बहने है। सौरभ के पिता दीनानाथ पेशे से अकाउंटेंट व माता गृहणी है। सौरभ की उपलब्धि से सौरभ का परिवार व कॉलेज प्रफुल्लित है। प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि सौरभ ने पढ़ाई को लेकर विद्यार्थियों को एक नई दिशा दिखाई है। विद्यार्थी नैतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा पाकर समाज और मानवता की सेवा करे यही उनकी कामना है। इस अवसर पर डा. मुकेश पुनिया, डा. राकेश गर्ग, डा. दीपा वर्मा, दीपक मित्तल, चिराग सिंगला उपस्थित रहे।

# कबीर की शिक्षाओं का जीवन में पालन करें नागरिकः विज

**पानीपत।** कबीर चौरा आश्रम में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें महंत ज्ञानेश्वर दास ने कबीर साहेब के विधान चौका आरती को संपन्न कराया। महंत ज्ञानेश्वर दास ने अपने मुखारविंद से जीव को सतगुरु कबीर साहेब का रास्ता बताया और उन्हें भवसागर से पार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज भी आश्रम में पहुंचने पर ट्रस्ट के सदस्य ने स्वागत किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। जिसमें सत्संग हॉल के ऊपर एक हाल बनाया जाए। विधायक प्रमोद विज ने अपनी स्वीकृति प्रदान की और 25



लाख रुपये आश्रम की ऊपर हाल के लिए मंजूर किए। कबीर की शिक्षाओं का जीवन में नागरिक पालन करें। उन्होने कहा कि 8 दिन के अंदर ही इस पर काम चालू हो जाएगा। ट्रस्ट के सदस्यों विधायक विज का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के प्रधान धर्मदास, महासचिव सतपाल, सचिव किरण पाल मौजूद रहे।

### समाधान कैंप में समस्याओं का हल हुआ

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का मौके पर निदान होने से उनका सरकार के प्रति लगातार भरोसा बढ़ा रहा है। अधिकारियों की शत प्रतिशत हाजिरी का फायदा शिविर में पहुंचने वालों को सीधे तौर पर मिल रहा है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि जिला सचिवालय में 10 जून से प्रारंभ हुए समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को लेकर रोजाना समीक्षा भी की जाती है।

सोमवार को नगराधीश टीनू पोसवाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में शत प्रतिशत अधिकारियों ने भाग लिया। यह समीक्षा बैठक समाधान शिविर से आधा घंटे पूर्व आयोजित की गई।

---



### इनर व्हील क्लब ने कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग दिया

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन ने आर्थिक रूप से अक्षम परिवार की कन्या के विवाह में सहयोग दिया है। इनर व्हील क्लब ने अक्षम परिवार का हाथ थामा और उसकी आर्थिक सहायता की। कन्या के विवाह के लिए कपड़े, बर्तन और गहने भेंट किए। इस अवसर पर क्लब की प्रधान डॉ. अनु कालरा, सचिव डॉ. स्वाति गोयल, कोषाध्यक्ष मंजरी गोयल, संपादिका रितिका गर्ग, उप संपादिका डॉ. दीप्ति जैन, दिव्या भाटिया ने कहा कि इनर व्हील क्लब का उद्देश्य ही समाज की सेवा करना है। वही, क्लब की ओर से परिवार ने इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की प्रधान एवं उनकी संस्था का दिल से आभार किया। उप संपादिका डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि भविष्य में भी इनर व्हील क्लब जरूरमंद लोगों की मदद जारी रखेगा।

### यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है

**पानीपत।** वैदिक विदुषी सुश्री अंजलि आर्य ने वैदिक परिवार द्वारा हुडा सेक्टर 25 में आयोजित गायत्री यज्ञ किया और दावा किया कि यज्ञ करने से वातारण शुद्ध होता है और मानव को बहुत से धार्मिक लाभ होते है। वहीं, कार्यक्रम में मंच संचालन अशोक अरोड़ा ने किया। यज्ञ में मुख्य यज्ञमान रूबी मित्तल और अमन मित्तल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैदिक परिवार के प्रधान डॉ. पवन बंसल, डा. राजबीर आर्य, पवन गुप्ता, राजीव सचदेवा,दलबीर आर्य, गीता आर्या, बलदेव वर्मा, विजय गुलाटी, धर्मपाल जुनेजा, सुरेश सैनी, उत्तम आर्य, निर्मल आर्या, बलराज सैनी, संदीप जिंदल आदि उपस्थित रहे।

# आईसीएआई ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आईसीएआई की पानीपत शाखा के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा व अतिथियों के साथ पुरस्कृत मेधावी विद्यार्थी।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में वर्ल्ड यूथ स्किल डे पर सेमिनार हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजीव परुथी जी ने शिरकत की। दूसरी मुख्य वक्ता के रूप में सीए आयुश्री खन्ना ने शिरकत की। वहीं, सीए जगदीश धमीजा ने बताया की 11 जुलाई को सीए फाइनल एग्जाम का रिजल्ट आया है जिसमें पानीपत ब्रांच के लगभग 36 स्टूडेंट ने फाइनल के दोनों ग्रुप को पास किया है और 95 बच्चों ने एक ग्रुप को पास किया है। इस प्रकार 131 बच्चों ने फाइनल पेपर में सफलता प्राप्त की है। आज उन सभी बच्चों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और केक काटकर उनकी सफलता को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर उनके माता-पिता और पानीपत ब्रांच के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे। सीए बलराम नंदवानी और सीए प्रदीप तायल ने सभी बच्चों को प्रोफेशन में आगे बढ़ाने के गुर दिए। सीए आयुश्री खन्ना ने अपने अनुभव साझा करते हुए उपस्थित नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अपनी प्रेजेंटेशन से संबंधित कई अहम बातों से अवगत करवाया। इधर, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ की गई । मंच का संचालन सीए आयुश्री खन्ना ने किया। इस मौके पर सीए भूपेंद्र दीक्षित, सीए बलराम नंदवानी, सीए प्रदीप तायल, सीए अरुण मेहता, सीए चरणजीत चुघ, सीए स्वाति मित्तल, सीए कृष्ण सेठी, सीए राज वर्मा, सीए रविंद्र सिंह समेत 100 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स मौजूद रहे।

---

### ब्राह्मण समरसता यात्रा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

ब्राह्मण समरसता यात्रा का समापन एसएम माल समालखा पर सुशील कौशिक और जनेश्वर शर्मा के नेतृत्व में फूल मालाओं से पुष्प वर्षा कर किया गया।

इस अवसर पर जय भगवान शर्मा, ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, धीमान ब्राह्मण सभा के प्रधान सुन्दर लाल धीमान, जोगी समाज के प्रधान शिव कुमार करनाल, श्रीराम शर्मा करनाल, जांगड़ा ब्राह्मण समाज के प्रमुख ओमप्रकाश जांगड़ा, पांचाल समाज के पूर्व प्रधान कृष्ण पांचाल, बैरागी ब्राह्मण समाज से बृजमोहन व स्वामी सुशील दयालपुर आदि उपस्थित रहे।

# ईशा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में प्रथम

- टॉप टेन की सूची में छह के साथ 11 विद्यार्थियों ने अपने नाम दर्ज करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स के तीसरे सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए। जिसमें आर्य कॉलेज के 11 छात्र-छात्राओं ने मेरीट सूची स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने मेरीट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ मेधावी विद्यार्थी।

प्राचार्य गुप्ता ने बताया कि केयूके ने बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स के तीसरे समेस्टर के परिणाम घोषित किए। टॉप टेन की सूची में आर्य कॉलेज की छात्रा ईशा सैनी ने 347 अंक लेकर पहला स्थान, इशिका ने 340 अंक लेकर तीसरा स्थान, छात्र आदित्य सिंह ने 339 अंक लेकर चौथा स्थान, छात्रा प्रेरणा शर्मा ने 337 अंक लेकर पांचवां स्थान, रूची ने 327 अंक लेकर छठा स्थान, शिवानी ने 325 अंक लेकर आंठवां स्थान हासिल किया। वहीं स्नेहा यादव ने 319 अंक लेकर ग्याहरवां स्थान, मंजू ने 317 अंक के साथ बाहवां स्थान, छात्र कमल दीप ने 314 अंक लेकर तेहरवां स्थान, स्नेहा सैनी ने 309 अंक लेकर चौहदवां स्थान व खुशबू ने 308 अंक लेकर पहंद्रवा स्थान हासिल कर केयूके की मेरीट सूची में स्थान बनाया।

### मैराथन की तैयारी में जुटा प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत में 28 जुलाई को आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ के लिए शहर वासियों ने इसे कामयाब करने के लिए कमर कस ली है। सोमवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में हुई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर उपायुक्त को आश्वस्त किया कि मैराथन दौड़ में शहर के प्रत्येक नागरिक की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। बैठक में हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन विनोद धमीजा, राजीव अग्रवाल, संदीप जिंदल, दीपक सलुजा, इरफान अली, धनंजय सिंगला, राजीव अग्रवाल, राजेश गोयल, श्री भगवान अग्रवाल शम्भू लखिना, शक्ति भारद्वाज, प्रदीप प्रेय और भिन्न भिन्न संस्थायो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव जन सेवा की : दुष्यंत

**समालखा।** भारतीय जनता पार्टी सनौली मंडल की विस्तारित मंडल कार्यकारिणी बैठक का आयोजन होटल जय फूड सनौली के सभागार में किया गया बैठक की अध्यक्षता सुभाष त्यागी ने की। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बैठक को संबोधित करते युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा वर्ग, हरियाणा में फिर एक बार भाजपा की सरकार बनावाएंगे और उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलवाया कि समालखा विधानसभा जीतकर हरियाणा में पुनः भाजपा की सरकार बनवाने में सहयोग दे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए हर वर्ग का शोषण किया। जबकि भाजपा ने अपनी सरकार बनने पर बिना किसी भेदभाव के प्रदेश भर में समान रूप से विकास करवाया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सभी मंगलवार 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में आयोजित प्रदेश सत्रीय समारोह में बढ़ चढ़कर भाग ले इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे। इस अवसर पर गंगा राम स्वामी, कृष्ण छोक्कर, रफाकत हसन, कुलदीप कौशिक, ऋषि पाल रावल मंडल अध्यक्ष सुभाष त्यागी विशेष रूप से इस बैठक को संबोधित किया।

---

### अपराधी दिन दहाड़े दुकानों पर फायरिंग करके व्यापारियों से फिरौती मांग रहे

# हरियाणा में अपराध का ग्राफ बढ़ने से व्यापारी दहशत में

- 11 अगस्त को होने वाला राज्य स्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन ऐतिहासिक होगा : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक एक होटल में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 अगस्त को पानीपत में होने वाला राज्य स्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। बजरंग गर्ग ने व्यापारी प्रतिनिधियों


**पानीपत।** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व्यापारियों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत में 11 अगस्त को होने वाला राज्य स्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। जिसमें मुख्यअतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। जबकि कार्यक्रम में अति वशिष्ठ अतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदय भान होंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से हरियाणा में लगातार व्यापार व उद्योग ठप्प हो रहा है। सरकार द्वारा जीएसटी के तहत नई-नई टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। जब से देश आजाद हुआ है तब से अब तक कपड़ा, चीनी, दूध, दही, लस्सी आदि समान पर कोई टैक्स नहीं था मगर सरकार ने इन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया। बजरंग गर्ग ने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। अपराधी दिन दहाड़े दुकानों पर फायरिंग करके व्यापारियों से फिरौती व मंथली मांग रहे हैं। पानीपत व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समक्ष रखा जाएगा ताकि सभी मांगों को कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में डालकर उन्हें पूरा करवाया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख व्यापारी नेता रामनिवास गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, वीरेंद्र शाह, विजय जैन, मोहन लाल गर्ग, सुरेश बावेजा, मिलिक राज गर्ग, रामरतन , सुरेश, जगदीश जैन, सुभाष जैन, कवि राज, हरबंस खुराना, राकेश गर्ग, अशोक जैन, राम विकास जिंदल, वीरभान सिंगल, अजय सिंगल, सुलेख जैन मौजूद थे।

# पानीपत में गैलेंट प्ले एरिना का शुभारंभ

**पानीपत।** गैलेंट प्ले ने पानीपत में अत्याधुनिक मल्टी-स्पोर्ट्स सेंटर, गैलेंट प्ले एरिना का भव्य उद्घाटन किया है। यह सुविधा अंसल्स सुशांत सिटी, हुडा सेक्टर 13-17 के पास स्थित है। इस प्रमुख केंद्र में सभी आयु वर्ग के खेल प्रेमियों के लिए कई खेल विकल्प उपलब्ध हैं। गैलेंट स्पोर्ट्स के सीईओ नासिर अली ने बताया कि विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, गैलेंट प्ले एरिना में उच्चतम स्तर की सुविधां उपलब्ध हैं, यहां खेल प्रेमियों को एथलीट, फुटबॉल, बॉक्स क्रिकेट, तैराकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेनिस, क्रिकेट नेट्स, टेबल टेनिस आदि खेलों की सुविधाएं मिलेगी। एरिना की गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण गैलेंट स्पोर्ट्स द्वारा स्थापित मानकों को प्रतिबिंबित करता है, जिससे हर खिलाडी को अद्वितीय वातावरण मिले।

**सूचना**

मैं, राम करण पुत्र श्री प्रभूदयाल निवासी मकान नं. 264/1, भटटाचार्य स्कूल के पास, उग्राखेड़ी तह. व जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल वर्मा और उसकी पत्नी खुशबू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



अंबाला। छात्रों को नए कानूनों की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

### छात्रों को तीन नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

**अंबाला।** गृह मंत्रालय की तरफ से प्रॉसिक्यूशन विभाग को 3 कानून के बारे आमजन को जागरूक करने के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया हैं। इसी कड़ी में जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ठ के मार्ग दर्शन में डिस्ट्रिक अट्रॉनी की टीम ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को इन तीन कानूनों के बारे विस्तार से जानकारी दी। वशिष्ठ ने इस मौके पर कहा कि मंत्रालय द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका टीम बखूबी निर्वहन करेगी। टीम द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को तीन कानूनों के बारे जानकारी देते हुए बच्चों के सभी सवालों का जवाब दिया।

### रेलगाड़ी में महिला का बैग छीना

**जींद।** चंडीगढ़ से जयपुर जा रही रेलगाड़ी में नरवाना रेलवे स्टेशन के निकट एक व्यक्ति महिला यात्री का पर्स छीन कर फरार हो गया। पर्स में आठ हजार रुपये की नगदी व जरूरी कागजात थे। रेलवे पुलिस ने महिला यात्री की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात युवक महिला के जेवरात छीनकर फरार

**कैथल।** चीका पुलिस ने छीनाझपटी एक मामला दर्ज किया है। भागल की दयाल देवी नामक महिला ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि 14 जुलाई को जब वह हरिगढ़ किंगण के निकट से गुजर रही थी तो अज्ञात उसे बातों में लगाते कानों की बाली छीन कर फरार हो गए। छीनी गई बालियों की कीमत हजारों रुपये बताई गई है।

### बिजली निगम एससी के चालक पर हमला

**जींद।** नरवाना में शाम को दौड़ लगा रहे बिजली निगम अधीक्षक अभियंता के चालक पर कार सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चमेला कालोनी निवासी प्रदीप ने पुलिस को शिकायत दी है।

### हनुमान वाटिका के पास से बाइक चोरी

**कैथल।** कैथल की हनुमान वाटिका के निकट से कर एक बाइक चुरा कर ले गए। गांव नरड के तरसेम सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में रोक लगाया है कि 13 जुलाई को चोर हनुमान वाटिका कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल राममेहर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 442 सार्वोत्तम माताओं को किया गया सम्मानित

# अब यूनिफोर्म पर आंगनवाड़ी महिलाएं लगाएंगी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का बैज

### मंत्री बोले दुनिया में सबसे ताकतवर शब्द मां है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि ब्रह्मांड में दुनिया का सबसे ताकतवर शब्द मां है। मां ब्रह्मा का स्वरूप है। मां हमेशा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देते हुए जीवन में आगे बढऩे के लिए प्रेरित करती है। मां के पास बैठकर हमारी जो भी निराशा होती है, वह दूर हो जाती है। गोयल सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में आयोजित सर्वोत्तम माता पुरस्कार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे। इस मौके पर उन्होंने 442 सर्वोत्तम माताओं को किट व ड्रॉफ्ट देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विभाग को निरंतर आगे बढ़ाने के लिये आप सबका सहयोग बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढऩे वाली बेटियों को आत्म रक्षा में निर्भर बनाने के लिये 'मैं भी लक्ष्मीबाई' योजना के तहत हरियाणा में पहला सेल्फ डिफेंस केन्द्र राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पुलिस लाइन में खोला जाएगा। इसी प्रकार भारत में महिला एवं बाल विकास विभाग पहला ऐसा विभाग होगा जो अपना एफएम चैनल शुरू करने जा रहा है। आकाशवाणी के नाते हमारी लाडो के नाम से यह जल्द ही शुरू किया जाएगा।

इसके साथ-साथ महिला सरपंचों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें महिला सरपंच को दायित्व सौंपा जाएगा कि वे अपने गांवों में लिंगानुपात सुधार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला की तर्ज पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक बनाने का काम हर जिला में किया जाएगा। जल्द ही पंचकूला में इस चौक का निर्माण भी किया जाएगा।

गोयल ने कहा कि मां एक ऐसी शख्सियत जो हमेशा अपने बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढऩे में सहयोग करती है। पीपल को हम ब्रह्मा के रूप में पूजते हैं क्योंकि वह हमेशा ऑक्सीजन प्रवाहित करता है। हमें प्राणवायु देता है, उसी प्रकार मां भी ब्रह्मा का स्वरूप है। पहले लिंगानुपात में प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं थी। अब सभी के सहयोग से इसमें सुधार हुआ है। 1000 लडक़ों के पीछे अब लड़कियों की संख्या 912 है जोकि बड़ा बदलाव है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का संदेश देने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी वर्करों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के बैज दिये जा रहे हैं। वह अपनी ड्रेस पर इसे लगाएंगी, जिससे समाज में एक संदेश जाएगा। केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के अस्तित्व, शिक्षा, स्वास्थ्य व उनके गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतरता में कार्य कर रही है।



अंबाला। कार्यक्रम में सर्वोत्तम मां का पुरस्कार देकर सम्मानित करते मंत्री असीम गोयल।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विभाग की निदेशक मोनिका मलिक, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, संयुक्त आयुक्त राजबाला कटारिया, डीपीओ कविता रानी, रितेश गोयल, गुरजंट सिंह, संजीव गोयल टोनी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे विस्तार से जानकारी दी।

पुलिस लाइन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर जो नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, उसकी सराहना की और सहारनपुर से राज दुलारी की बेटी अनु द्वारा छोटे बच्चों द्वारा आई लव माइ इंडिया जो तैयार किया गया था, उसकी भी प्रशंसा की। उन्हें नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। आंगनवाड़ी वर्करों द्वारा बच्चों के वास्ते है डब्ल्यूसीडी हमारा की प्रस्तुति दी गई। यहां बता दें कि सवोत्तम माता पुरस्कार के तहत प्रथम स्थान के लिये 4000 रुपये, द्वितीय के लिए 3000 रुपये तथा तृतीय के लिये 2000 रुपये का पुरस्कार भी दिया गया।



अंबाला। भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री अनिल विज।

## विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर शाहपुर व बीसी बाजार से कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार को शाहपुर और बीसी बाजार से बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा नेता तरविंद्र सिंह सोनी और वार्ड प्रधान कुलदीप सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। विज ने पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को भाजपा के पटके पहनाकर उनका पार्टी में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जोकि सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा पार्टी में नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मजबूती से पार्टी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा नेता तरविंद्र सिंह सोनी और वार्ड प्रधान कुलदीप सिंह ने बताया कि पूर्व मंत्री विज की जनहित में बेहतर कार्यशैली की बदौलत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे पहले भी कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री अनिल विज ने छावनी में वह कार्य करके दिखाए जोकि अन्य दलों ने अपने 70 वर्ष के कार्यकाल में नहीं किए। उन्होंने छावनी का स्वरूप बदलते हुए उसे तरक्की के मार्ग पर अग्रसर कर दिया है। सिविल अस्पताल में बड़ी से बड़ी बीमारी का ईलाज निशुल्क हो रहा है। कैंसर जैसे गंभीर रोग का ईलाज कराने के लिए पीजीआई की तर्ज पर छावनी में आधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध है।

### बिजली संबंधी समस्याओं का किया जाएगा समाधान

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 16 जुलाई को प्रात 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

## जटवाड़ के सरकारी स्कूल में छात्रों ने किया पौधरोपण, हरियाली के लिए जरूरी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

समय में स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षों का महत्व सबसे ज्यादा है। वृक्ष शुद्ध हवा,वर्षा,तापमान नियंत्रण और हरियाली के लिए आवश्यक हैं। इस उद्देश्य की सफलता के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही मुहिम एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ में प्रधानाचार्य नीलम शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की माताओं, मिड डे मील वर्करों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इन में आम, अमरूद, जामुन, नीम, बरगद व पीपल के अनेक पौधों का पौधारोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों के द्वारा इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई। उपस्थित ग्राम सरपंच सोनी व पंचायत के सदस्यों ने ऐसे कार्यक्रम को सार्थक बताया और कहा खाली पड़े स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जिस गति से देश की जनसंख्या बढ रही है। शुद्ध वातावरण की कमी हो रही है। मौसम में गर्मी बढऩे का मुख्य कारण भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई है।



शहजादपुर। छात्र स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए

## तेंदुए ने बच्चे को दबोचा, मुंह में लेकर करीब 100 मीटर तक भागा

- मां ने किया पीछा तो झाड़ियों में छोड़ कर भागा
- खून से लथपथ बच्चे को ले जाया गया अस्पताल, चंडीगढ़ रेफर,गांव में दहशत का माहौल, सहमे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव ठरवा में एक तेंदुए ने एक बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए स्थानीय डॉक्टरों ने उसे इलाज हेतु चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। बच्चे पर तेंदुए ने हमला जब किया जब वह अपनी मां रजनी देवी के साथ गांव की आटा चक्की से आटा लेकर वापिस घर लौट रहे थे। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने मां के आगे चल रहे बच्चे दीपांशु पर हमला कर दिया। तेंदुआ बच्चे की गर्दन मुंह में ले भाग गया। तभी बच्चे की मां रजनी देवी ने शोर मचा दिया। वह अपनी जान की परवाह न करती हुई तेंदुए के पीछे झाड़ियों की तरफ भागने लगी। रजनी देवी के शोर की आवाज सुन नजदीक ही सड़क पर बैठे कुछ लोग लाठियां लेकर मौके की ओर दौड़ पड़े। सड़क से करीब 100 मीटर की दूरी पर बच्चा तेंदुए की पकड़ से छूट गया। बच्चा खून से लथपथ था। तेंदुआ खेतों के रास्ते भाग गया। खून से लथपथ बच्चे को स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया। गंभीर हालत देखते हुए उसे चंडीगढ़ में पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

#### बच्चे की मां के हौसले को सलाम



ठरवा गांव से लगते गांव सुरगल गांव के रहने वाले 54 साल के नंबरदार छत्रपाल ने बताया कि वह भी रविवार की शाम को चार- पांच लोगों के साथ सड़क के पास बैठे हुए थे। तभी उन्हें एक महिला के जोर जोर से चिल्लाने की आवाजें सुनाई दी। पहले उन्होंने सोचा कि झाड़ियों में सांप दिखाई देने की वजह से महिला ने घबरा कर शोर मचाया है। जब वह घटनास्थल की और दौड़े तो उन्होंने देखा कि महिला झाड़ियों की तरफ भाग रही है। वे भी पीछे भागे तभी उन्होंने झाड़ियो में एक गुहारे के साथ ही खून में लथपथ बच्चा पड़ा हुआ मिला। छत्रपाल ने कहा कि बच्चे की मां अपनी जान की परवाह किए बिना तेंदुए से अपने बच्चे को छुड़ाने के लिए उस के पीछे भागी जिस के चलते तेंदुआ डर गया। बच्चा उस की पकड़ से छूट गया। खून से लथपथ बच्चे को एक कपड़े में लपेट कर मार्ग से गुजर रही एक कार को रोक में उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

#### लड़की ने दो दिन पहले भी देखा था तेंदुआ

गांव के हरदेव सिंह ने बताया कि गांव में दहशत का माहौल है।वास्तविकता यही है कि जंगली जानवर तेंदुआ ही है।दो दिन पहले भी गांव की एक लड़की ने तेंदुए को देखा था और शोर मचाया था। लेकिन लड़की की बात को ग्रामीणों ने गंभीरता से नहीं लिया। उस लड़की के शोर मचाने पर तेंदुआ मौके से भाग गया था। वन्यप्राणी विभाग के अधिकारी राजेंद्र डांगी ने बताया कि टीम द्वारा ठरवा गांव में सर्च अभियान चलाया गया।



अंबाला। कार्यक्रम की शुरूआत करती हुए मुख्यअतिथि।

### फैमिली आईडी की समस्याएं जल्द सुलझाएं

**अंबाला।** एडीसी अपराजिता ने सोमवार को अपने कार्यालय के साभागार मे परिवार पहचान पत्र के कार्यों को लेकर जिले के क्रीड जोनल मैनेजर व सीपीएलओ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने परिवार पहचान पत्र से संबंधित लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पुरा करने के दिए निर्देश। इस दौरान पीपीपी (न्यू मेडयूल) पोर्टल संबंधी ट्रेनिंग भी दी गई। एडीसी अपराजिता ने जिले के क्रीड जोनल मैनेजर को निर्देश दिए कि वह सीपीएलओ को परिवार पहचान पत्र ऑनलाइन पोर्टल की विस्तृत जानकारी के लिए उन्हे ट्रेनिंग देना तय करें। उन्होंने सीपीएलओ से परिवार पहचान पत्र लॉगिन मे कोई लंबित तो नहीं है, पीपीपी मे जन्म तिथि संबंधी, परिवार इनकम वेरिफिकेशन या अन्य कोई समस्या तो नहीं आ रही है इसकी भी विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने सीपीएलओ को निर्देश दिए कि वह अपने स्तर पर कोई लंबित शिकायत न रखें। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र के हर कार्य को गंभीरता से ले और तेजी के साथ उन्हे पूरा करें।

## 17 को होगा एसपी ऑफिस का घेराव

- किसान यूनियन ने किसानों को दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

दोसड़का गुरुद्वारा प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने की। बैठक में काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य युनियन सदस्यों को नवदीप सिंह की रिहाई के लिए 17 जुलाई को अंबाला एसपी ऑफिस के घेराव का न्यौता देना रहा। अमरजीत ने कहा कि सभी सदस्य अधिक से अधिक संख्या में अपने साथी लेकर अंबाला पंहुचे। उन्होंने बताया कि एसपी ऑफिस घेराव का निर्णय युनियन सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया था। अब उसे 17 को एकजुट होकर करना है। अगर प्रशासन नवदीप की रिहाई पर 17 को भी कोई फैसला नहीं लेता तो आगामी रणनीति भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नवदीप सिंह लंबे समय से जेल में बंद है। उसे रिहा किया जाना चाहिए। मौके पर जय सिंह, अशविंद्र सिंह, विक्रम मुलाना, लखविंद्र सिंह, बलबीर सिंह, मनदीप, अमन, हैप्पी, मनी, पवन चहल व निर्मल सहित अन्य मौजूद रहे है।



मुलाना। बैठक के दौरान किसान




अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारी।

### शिकायतों का हुआ तत्काल समाधान, 30 पर अधिकारियों को जांच के आदेश

**अंबाला।** नगराधीश विश्वजीत ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस मे सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी मे सोमवार को डीसी कोर्ट मे समाधान शिविर लगाया गया। नगराधीश ने समाधान शिविर मे आए लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकांश समस्याओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही सामधान करवाया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान शिविर जैसी अनूठी पहल से आमजन की समस्याओं का निदान अविलंब हो रहा है। शिविर से अनेक समस्याओं का एक जगह ही समाधान होने से आमजन को भी राहत है। बता दे कि जिले के समाधान शिविर मे कुल 30 शिकायतें आई जिनमें से 17 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, डीआरओ योगेश कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, साहब सिंह मोहडी व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुश्रुत जयंती पर 80 मरीजों को बांटी अश्वगंधा की गोलियां

**अंबाला।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा की इंचार्ज डॉ. समिधा शर्मा ने बताया कि मंदिर में सुश्रुत जयंती के अवसर पर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।इसमें ग्राम बाड़ा के लोगों को अश्वगंधा टेबलेट्स निशुल्क वितरित की गई। इस कैंप का 80 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉ. समिधा ने यह भी बताया कि उनके सेंटर की ओर से रोज तीन योग सेशन ग्राम बाड़ा में लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर डिस्पेंसर नसीब सिंह, योगा सहायक दपिंद्रजीत कौर, योग इंस्ट्रक्टर सोनिया शर्मा व सन्नी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में 15 जुलाई के दिन विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोगों को प्लास्टिक सर्जरी के महत्व को समझाने और उनमें जागरूकता लाने के प्रयास किए जाते हैं। प्लास्टिक सर्जरी के बारे में आम धारणा है। यह खूबसूरती बढ़ाने के लिए की जाती है जबकि असल मायनों में किसी एसिड अटैक, इंफेक्शन, कैंसर, एक्सीडेंट, जलने या किसी अन्य कारणों से अपना शरीर या चेहरा बिगाड़ चुके लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### महिलाओं को दिया जाएगा दस दिन का प्रशिक्षण

**अंबाला।** हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन अमनीत पी कुमार द्वारा सभी जिला प्रबंधकों को वीसी के माध्यम से बताया गया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा केवल बीपीएल परिवार की स्थायी वासी महिलाओं के लिए 10 दिन का ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निशुल्क प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को ई रिक्शा हरियाणा महिला विकास निगम की स्कीम के माध्यम से सब्सिडी पर लोन दिलवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लडकियों/महिलाओं के पास प्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र के अलावा उम्र 18-45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

### सैनी सभा ने डॉ. सैनी को दी श्रद्धांजलि व उनके कार्यों को सराहा

# डॉ. सैनी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के सैनी हाई स्कूल के प्रांगण में सैनी सभा के मुख्य संरक्षक स्व. डॉ. राम सैनी के जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सैनी सर्कल सभा अंबाला के सदस्यों व स्कूल स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम सैनी सभा के प्रधान सतीश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर सभा के पूर्व प्रधान स. ठाकुर सैनी ने कहा कि डॉ. राम सैनी ने सैनी सभा के उत्थान के लिए बहुत सराहनीय कार्य किए हैं। उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. राम सैनी ने वर्ष 1998 में अमेरिका से स्वदेश आकर सैनी सभा का दौरा कर सभा के मौजूदा हालातों का जायजा लिया था, जबकि उस वक्त के दौर में सभा के हालात कुछ खास नहीं थे। जिसको देखते हुए डॉ. राम सैनी ने बतौर सभा के मुख्य संरक्षक रहते हुए सैनी सर्कल सभा के भवन का निर्माण कार्य करवाने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ-साथ गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सैनी हाई स्कूल को हर संभव सहयोग कर अपग्रेड करने का काम किया। स्कूल व सैनी सभा का दौरा करने के लिए वह प्रतिवर्ष अंबाला पहुंचते थे और सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लेते थे, मगर सैनी समाज को उस वक्त बहुत बड़ा झटका लगा। कोविड़ के दौरान 7 जुलाई 2020 को उनका अचानक देहांत हुआ। सैनी के जन्मदिवस पर सभी सैनी समाज के सदस्यों ने दिल की गहराईयों से उन्हें और उनके द्वारा किए गए समाजहित के कार्यो का याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।



अंबाला। डॉ राम सैनी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभा के पदाधिकारी व शिक्षक।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल अश्वनी गुप्ता, सैनी सभा के प्रधान सतीश सैनी, उपप्रधान सुंदर लाल सैनी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद सैनी, स्कूल मैनेजर राजकृष्ण सैनी, सदस्य सुदेश कुमार, अनिल कुमार, निर्मल, केहर सिंह सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।